NITIN

NITIN SPINNERS LTD.

CONFIDENCE IN TEXTILES
Tested for harmful substances
according to Oeko-Tex® Standard 100

REF: NSL/SG/2020-21/
Date : 21.10.2020

BSE Ltd.
Department of Corporate Services
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai – 400 001

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza,
Bandra Kurla Complex
Bandra (E),
Mumbai – 400 051.

Company Code – 532698

Company ID - NITINSPIN

Sub. : Submission of copy of Newspaper Advertisement in respect of Notice of Board Meeting.

Dear Sir/Madam,

In compliance of Regulation 47(3) of SEBI (Listing obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, please find enclose herewith copy of the Notice published in newspaper The "Business Standard" (English) and the "Pratahkal" (Hindi) both dated 20.10.2020 for intimation of Meeting of Board of Directors of the Company scheduled to be held on Saturday, 31st October, 2020.

Thanking you,

Yours faithfully,
For-Nitin Spinners Ltd.

NITIN SPINNERS LTD. HAMIRGARH (Bhilwara)

(Sudhir Garg)
Company Secretary & GM (Legal)

Encl a/a

CIN. : L17111RJ1992PLC006987
Regd. Office & Plant : 16-17 Km. Stone, Chittor Road, Hamirgarh, Bhilwara (Raj.) 311 025
Tel. : 286110 to113, Fax : 91-1482-286114 & 117
E-mail : nsl@nitinspinners.com, Website : www.nitinspinners.com

More tranches of govt equity soon in highway projects

Under the new proposal, firms will give bank guarantees every year against anticipated govt payment for that year

MEGHA MANCHANDA
New Delhi, 19 October

The Union government may soon unveil a new set of norms for the hybrid-annuity model (HAM) contracts in order to promote fresh private investment in highways through this route.

HAM contracts are projects that are partially funded by the central government. The government pumps in 40 per cent equity in the projects and the remaining finances are arranged by the developer through a mix of debt and equity.

It is learnt that the funds that the government releases to companies under HAM would now be given in smaller tranches but at higher frequency.

For instance, if a company was getting five equal instalments amounting to 40 per cent of the project cost, it would now be 10 equal instalments, though the overall amount would be the same.

"These smaller instalments mean a comfortable liquidity situation for the company and also reduction in the developer's working capital requirements," a senior official in the know told *Business Standard*.

There could also be a relaxation in providing bank guarantee by the company.

Currently, developers furnish bank guarantees, against the amount to be released by the government for the entire duration of the project.

Under the new proposal, the construction firms would give bank guarantees every year against anticipated government payment for that year. Payments are made only after bank guarantee is submitted.

While this ensured that the operator reaches the milestones, the change to annual guarantees would de-risk the financiers. "Annual bank guarantees by the companies would give the lenders confidence on the outcome of the project," an NHAI official said.

The proposal to make HAM projects more attractive was approved by an inter-ministerial panel comprising the Department of Expenditure, Department of Economic Services, Department of Financial Services, NITI Aayog, Ministry of Law and Justice, and Ministry of Road Transport and Highways. The new norms will be notified by the ministry soon.

The demand for the proposal came from the various industry lobby groups, including the National Highways Builders Federation (NHBF).

Besides this proposal, the government is planning to tweak certain other norms.

To reduce the risk attached to the road construction projects and cushion the banks from the Covid-19 crisis, the Centre is contemplating pooling the marginal cost of funds-based lending rate or the MCLR for such contracts. MCLR is an internal reference rate for banks fixed by the Reserve Bank of India.

The changes essentially mean pooling of MCLR of five or six lenders and arriving at an average rate to be offered to the construction companies, a move that would distribute the risk attached to the project to multiple banks as opposed to one bank right now.

FEATURES OF HAM

- Project developer to be selected through transparent bidding process
- Cash construction support will be paid to the developer by the government
- Developer has to bear the balance 60% of the project cost through a combination of debt and equity
- Developer is responsible for maintenance of the project till the end of the concession period
- Toll collection shall be the responsibility of the NHAI

India must not neglect bank recap despite pandemic: Viral Acharya

REUTERS
Mumbai, 19 October

India is neglecting bank recapitalisation as it focuses on debt moratoriums and interest waivers for borrowers amid the pandemic, former RBI Deputy governor Viral Acharya said on Monday.

Indian banks are saddled with over $120 billion in bad debt, and in severely stressed conditions the bad-loan ratio could nearly double by March, according to Reserve Bank of India projections. Restoring banks' capital is critical for aiding a meaningful recovery, but there has been little focus on the matter, he said. "This lack of focus is tantamount to kicking the can down the road and jettisoning financial stability for short-term gains," said Acharya, who wrote a book titled the "Quest for Restoring Financial Stability in India".

"This repeated mistake has prevented India from recovering well from adverse shocks," Acharya said. His comments came weeks after India offered to waive the compounded interest component on all loans up to ₹2 crore following a legal challenge to the terms of a six-month moratorium. Designing moratoria and forgiveness like farm loan waivers that favour borrowers in the short term has been detrimental to a sound recovery of credit growth in the medium term, he said.

Though the latest one-time restructuring package has been fine-tuned to ensure it cannot be misused, it still has a little bit of a "band-aid and short-termism" approach to it, he said.

Funds to provide for the losses that would be incurred through restructuring should be set aside so that banks do not strangle growth as the economy begins to recover after the pandemic.

"If the government doesn't wish to recapitalise banks in a timely manner, then it must ensure that the contours of debt moratoria and forgiveness package aren't so generous that banks won't be in a position to lend well during the recovery phase, which is likely around the corner," Acharya said. "It would be good to learn from the past mistakes and start the work of repairing bank balance sheets at the same time as giving a soft landing to bank borrowers and the real economy."

"IT WOULD BE GOOD TO LEARN FROM PAST MISTAKES AND START THE WORK OF REPAIRING BANK BALANCE SHEETS AT THE SAME TIME AS GIVING A SOFT LANDING TO BANK BORROWERS AND THE REAL ECONOMY"

VIRAL ACHARYA
Former RBI deputy governor

'Credit growth will rise to 8-9% by March-end'

We should not tinker with the structure of the financial system and the government will look at further reforms when things return to normal, **RAJKIRAN RAI G**, the newly-elected chairman of Indian Banks' Association (IBA) and managing director and chief executive of Union Bank, tells **Abhijit Lele**. Edited excerpts:

We have entered the second half of the financial year, often described as busy season. What is your assessment of demand for credit?

Credit demand is expected to be much better in the second half (October 2020-March 2021). Actually, if you look at the first half overall, except for two-three months of lockdown, sanctions were substantial. But, utilisation of working capital has been quite low. We expect (working capital demand) to pickup. Credit is growing at five-six per cent (year-on-year) now. We might see slight improvement to about eight-nine per cent by March. That is my view.

Where do you see interest rates headed?

Interest rates are definitely going downwards. The abundant liquidity in the system is pushing rates down. So whether Reserve Bank of India (RBI) cuts rates or not, they are going down. RBI has given a fair projection of inflation.

Deposits are growing at over 10 per cent and credit is not growing. Plus, there is surplus money in the system and roughly ₹3-4 trillion is getting into reverse repo operations daily at 3.35 per cent. So, banks will be compelled to lend. There is huge competition to lend at very low rates.

While bank funding is important to keep the economy going, what does the government have to do? Is time running out on an economy-wide stimulus plan?

The government can definitely create demand. We always look at demand creation in the economy through government initiatives. The government is taking steps for this, but there are limitations. Tax collections are low. The government is spending very prudently and is working to keep fiscal discipline.

If you look at high frequency indicators like GST, e-way bill generation, and truck movements, they are showing that the economy is moving close to normal. We need to watch this festive season, particularly October and November. We are likely to be very close to normal by this quarter's end.

The government can selectively intervene in sectors that are weak. A general push might not be required because things seem to be returning to normal without intervention. All the initiatives taken, like the credit guarantee scheme to MSMEs, are showing effect. Most of the auto companies are back in operations.

There is thrust on reforms in public sector financial companies. What are the areas on which public sector banks need to work?

The reforms have occurred at a fast pace in the past three-four years — like amalgamation of banks and cleaning of balance sheets. The economy needs all the support and the banking system is playing a very active role in this.

At this point, we should not be tinkering with the structure of the financial system and the government will look at further reforms when things are back to normal.

Has the time come for moving government stake in banks to a holding entity?

The Nayak committee made many good recommendations. So, let us not stick to one set of recommendations. We can look at other alternatives. It is not good for us to speculate on which model is good.

Q&A

RAJKIRAN RAI G
Chairman of IBA and MD & CEO of Union Bank of India

'Indian entities can give guarantees on behalf of WOS abroad'

CHATROOM

T N C RAJAGOPALAN

We are a SEZ unit. We refer to Rule 22(1)(v) of SEZ Rules, 2006 which says that "the Unit or the developer including co-developer shall obtain a Registration-cum-Membership Certificate for availing exemptions, drawbacks and concessions". Does it mean that we may register with the export promotion council relevant to our product?

You have to read that provision with Rule 2(1)(zg) of the SEZ Rules 2006, which says that "Registration-cum-Membership Certificate" means the membership certificate issued by export promotion council (EPC) for export oriented units and SEZs. So, it is mandatory to register with the specified EPC. In addition, you may be registered with the EPC relevant to your product.

We are setting up a wholly-owned subsidiary (WOS) abroad. Can we give a guarantee in connection with its business? Do we need any approvals?

Yes. As per Regulation 5(b) of the Foreign Exchange Management (Guarantees) Regulations, 2000, "a company in India promoting or setting up outside India, a joint venture company or a wholly owned subsidiary, may give a guarantee to or on behalf of the latter in connection with its business: Provided that the terms and conditions stipulated in Foreign Exchange Management (Transfer and Issue of Foreign Security) Regulations, 2000, for promoting or setting up such company or subsidiary are continued to be complied with; Provided further that the guarantee under this clause may also be given by an authorised dealer in India".

Also, as per Para B.1.2(a) of RBI Master Direction on Direct Investment by Residents in Joint Venture (JV)/Wholly Owned Subsidiary (WOS) Abroad, "Indian Parties are permitted to issue corporate guarantees on behalf of their first level step down operating JV/WOS set up by their JV/WOS operating as either an operating unit or as a Special Purpose Vehicle (SPV) under the Automatic Route, subject to the condition that the financial commitment of the Indian Party is within the extant limit. Such guarantees will have to be reported to the Reserve Bank in Form ODI, as hitherto, through the designated AD Category-I bank concerned". So, you may approach your bank for approval under the automatic route.

The goods we imported on duty payment were found defective. Our supplier has asked us to destroy the goods and agreed to give replacements. However, that means we have to pay duty again on the fresh imports. Is there any way to avoid this burden of payment twice?

Section 26A of the Customs Act, 1962 allows refund of import duty if the imported goods are found defective. The goods should not have been worked, repaired or used after importation, except where such use was indispensable to discover the defects or non-conformity with specifications. The goods must be exported without claiming Drawback, or abandoned to Customs, or destroyed or rendered commercially valueless in the presence of the Proper Officer within 30 days (that can be extended by further three months by the Commissioner of Customs) from the date of import.

Business Standard invites readers' SME queries related to excise, VAT and exim policy. You can write to us at smechat@bsmail.in

FROM PAGE 1

Sale of Hind Copper...

The ministry has told public sector units that if a stock is trading below book value, then the book value will be considered for the purchase. "The capital expenditure needs of the firms can be met through raising debt in future," the official added.

The government held 76 per cent in Hindustan Copper at the end of September, and it has been divesting stake in the firm in small tranches over the past few years. In 2017-18, the government divested 6.83 per cent through the offer for sale route, which helped it fetch ₹405 crore.

In June 2019, Vedanta Resources Chairman Anil Agarwal had urged Prime Minister Narendra Modi to divest stake in at least five state-owned companies, which included Hindustan Copper. Vedanta had acquired the government's 64.9 per cent stake in Hindustan Zinc (HZL) during 2002-2003. Agarwal's Sterlite Copper had almost a 40 per cent share in copper production, though it has been hit because of controversies surrounding its Thoothukudi plant.

The government was relying upon strategic sales of marquee assets like Air India and Bharat Petroleum Corporation (BPCL) to meet its disinvestment target for FY21, but the Covid-19 pandemic has put a question mark over the plans. Both the aviation and oil industries are under stress because global demand for air travel and oil has reduced. Even the initial public offering (IPO) for Life Insurance Corporation may face a delay as the government is planning to do it at an "appropriate time", looking at market conditions. So far, the government has been able to mop up only ₹5,696 crore from the disinvestment proceeds this fiscal year.

In the previous financial year, three state-owned firms bought back shares worth ₹822 crore from the central government, which constituted 1.6 per cent of the divestment proceeds of ₹50,299 crore.

The share buybacks by PSUs were counted as part of the disinvestment proceeds for the Centre from 2015-16. In absolute terms, the highest-ever proceeds through this route came in 2016-17, when firms such as Coal India, NLC India, and NHPC bought back shares worth ₹18,963 crore, which was roughly 40 per cent of that year's divestment proceeds of ₹47,743 crore.

L&T set to win...

This entire section is in Gujarat, where more than 83 per cent of the land has been acquired for the project.

According to NHSRCL, which is responsible for implementing the high-speed project, the project alone will create more than 90,000 direct and indirect jobs during the construction phase.

Not just the employment market, the production and manufacturing markets are also expected to benefit from the project. It is estimated that close to 7.5 million tonnes of cement, 2.1 million tonnes of steel, and 140,000 tonnes of structural steel will be used in construction — all of which will be produced in India.

In addition to this, large construction machinery is another market that gains. The current high-speed rail will cover 155.76 km in Maharashtra (7.04 km in Mumbai sub-urban, 39.66 km in Thane district, and 109.06 km in Palghar district), 4.3 km in the Union Territory of Dadra and Nagar Haveli, and 348.04 km in Gujarat.

This comes at a time when NHSRCL is working on seven new projects — Delhi-Varanasi, Mumbai-Nagpur, Delhi-Ahmedabad, Chennai-Mysore, Delhi-Amritsar, Mumbai-Hyderabad, and Varanasi-Howrah — at an expected cost of around ₹10 trillion. For these, the Indian Railways is set to rope in private players to do it in a public-private partnership model.

प्राकृतिक छटा के बीच बिराजित है मां जोगणियां, मंदिर भी अनूठा



चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। पहाड़ी और सौंदर्य के बीच स्थित पुराना और अद्भुत मंदिर है मां जोगणिया का। चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 85 किलोमीटर दूर राजस्थान और मध्यप्रदेश की सीमा से लगते उपरमाल पठार के दक्षिणी छोर पर जोगणिया माता का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है। इतिहास के अनुसार इस मंदिर का निर्माण आठवीं शताब्दी ईसवी के लगभग हुआ था। लोकमान्यता है कि पहले यहां अन्नपूर्णा देवी का मंदिर था। जिसके बाद अन्नपूर्णा के बजाय जोगणिया माता के नाम से यह शक्ति पीठ पूरे लोक में प्रसिद्ध हुआ। मंदिर परिसर में लटकी हुई हथकड़ियों के बारे में कहा जाता है कि चोर और डाकू वारदात को अंजाम देने से पहले माता का आशीर्वाद लिया करते थे, जिनके पुलिस के हत्थे चढ़ने के बाद मौके से फरार होते हुए मां के दरबार पहुंचते थे, जहां उनके हाथों में लगी बेड़िया स्वत: ही खुल जाया करती थी। जोगणिया माता लोक आस्था की देवी है जिन्हें एक चमत्कारी देवी के रूप में जाना जाता है। देवी मंदिर के प्रवेश द्वार पर दो शेरों की सजीव आकृतियां बनी है। मंदिर के गर्भगृह में महाकाली, महालक्ष्मी और सरस्वती की प्रतिमाएं प्रतिष्ठापित है। मंदिर परिसर में दो शिव मंदिर बने हुए है जहां वर्षपर्यंत गोमुख से रिस-रिसकर बहती जलधारा पर्वतमाला और सुरम्य वन्य क्षेत्र से आवृत इस मंदिर में नैसर्गिक सौंदर्य में अतिशय वृद्धि कर देते हैं। माता की कृपा से मनोवांछित फल पाने हेतु श्रद्धालु बड़ी संख्या में देवी के इस मंदिर में आते है। वैसे तो वर्ष पर्यंत ही यहां श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है लेकिन नवरात्रा के दिनों में यहां मेले जैसा माहौल रहता है जहां नौ दिनो तक हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन कर अपनी मनोकामना मांगते है। जिले के शक्तिपीठों में से एक जोगणिया माता के चमत्कार के चलते श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा का केंद्र होने के साथ ही पहाड के उपर और प्रकृति की गोद में बसा यह मंदिर दार्शनिक और पर्यटक स्थल के नाम से जाना जाता है।

फतहनगर। शारदीय नवरात्रि पर क्षेत्र के देवस्थानों पर भक्तों द्वारा शक्ति उपासना की जा रही है। फतहनगर के सेतुबंध रामेश्वर महादेव मंदिर पर अखण्ड रामधुन तो सिद्ध हनुमान मंदिर प्रांगण में सुबह पाठ एवं शाम को सुन्दरकाण्ड किया जा रहा है। यहां कोरोना गाइड लाइन के अनुसार पंजीकृत 50 जनों को ही इस आयोजन में स्वीकृति दी जा रही है। इधर ग्रामीण इलाकों में भी शक्ति उपासना के तहत देवी पूजा अर्चना आदि ही चल रही है। गरबा की गूंज कोरोना में गायब सी हो गई है। नवरात्र पर इंटाली के चायला खेड़ा में खेडाखुंट माताजी के स्थानक पर घट स्थापना की गई। इंटाली के नया पाल का देवरा,चामुंडा माता मंदिर,नाहरसिंह माता मंदिर आदि देवीय स्थानों पर भी पूजा अर्चना एवं श्रृंगार ही किए जा रहे हैं। इंटाली बस स्टैंड पर जय मां अंबे की तस्वीर रखी गई है जहां भक्त गणों द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है।

फतहनगर: सिद्ध हनुमान मंदिर पर बालाजी को धराया गया विशिष्ट श्रृंगार। फोटो: विकास धावड़ा

भीलवाड़ा में महात्मा से मारपीट, पुलिस से धक्का-मुक्की, 2 गिरफ्तार, 3 केस दर्ज

भीलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। देश-प्रदेश में साधु-संतों पर हमले की घटनायें थम नहीं रही। ऐसी ही एक घटना बीती रात शहर में रपट के बालाजी मंदिर के महात्मा नारायणदास (70) के साथ तेजाजी चौक क्षेत्र में हुई, जहां कुछ लोगों ने महात्मा से मारपीट कर दी। वहीं मौके पर पहुंचे हैडकांस्टेबल व पुलिस वाहन चालक से धक्का-मुक्की कर ड्यूटी चार्ट फाड़ दिया गया। दो अन्य युवकों से भी मारपीट की गई। महात्मा को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस घटना को लेकर पुलिस ने तीन मुकदमे दर्ज किये हैं, जबकि दो लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

भीमगंज थाना प्रभारी प्रकाश भाटी ने बताया कि, रपट के बालाजी के महात्मा नारायणदास व पुजारी आदित्यदास रविवार रात गौशाला के बाहर खड़े थे। इसी दौरान बाइक से आये युवक गाली-गलौच करते हुये निकल गये। पुजारी मंदिर में चले गये, जबकि महात्मा नारायण दास बाहर खड़े रहे, जिनके साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। इसके चलते उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं मौके पर पहुंचे भीमगंज थाने के दीवान शैतान सिंह मीणा व चालक सुभाष के साथ धक्का-मुक्की कर ड्यूटी चार्ट फाड़ दिया गया और उन्हें धक्का देकर गिराने के बाद आरोपित भाग छूटे। वहीं तेजाजी के चौक के रास्ते से गुजर रहे आशिफ हुसैन व अब्दुल शकील के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। इस घटनाक्रम के बाद तेजाजी चौक में पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रीति चंद्रा भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस इलाके में लगे सीसी टीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास कर रही है। घटना को लेकर पुलिस ने पुजारी, पुलिस व एक युवक की ओर से तीन केस दर्ज किये हैं। वहीं दो लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इनको किया शांतिभंग में गिरफ्तार : पुलिस ने बताया कि इस घटनाक्रम को लेकर पुलिस ने मंगल पांडे सर्किल के पास रहने वाले आशिफ हुसैन उर्फ भय्यू पुत्र मोहम्मद सलीम शाह व मासिंगर निवासी अब्दुल शकील पुत्र अब्दुल वहीद को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

नीट व आईआईटी चयन पर भव्य मारू व दीपेश का सम्मान

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। जिला अभिभावक संस्थान द्वारा नीट मे 1108 वीं रैंक से चयनित होने पर भव्य मारु व दीपेश शर्मा का आई.आई.टी में ऑल इंडिया में 3859वीं रैंक मिलने पर परिवारजनों सहित स्वागत अभिनंदन कर मुंह मीठा कराया। जिला संयोजक निलेश बल्दवा के अनुसार' नीट परीक्षा ऑल इंडिया मे भव्य मारु की 1108 वीं रैंक आने पर सोमवार को परिजनों को बधाई दी। इसी प्रकार दीपेश शर्मा के आई.आई.टी. परीक्षा में ऑल इंडिया में चयनित होने पर चंदेरिया स्थित निवास पर बिरला सीमेंट मे कार्यरत पिता गोपाल शर्मा व माता अरुणा शर्मा को बेटे दीपेश के साथ उपरना व माला पहनाकर अभिनंदन कर मुँह मीठा करवाया।

नाथद्वारा। नगर की शिक्षण संस्था क्रिएटिव ब्रेन एकेडमी के दो छात्रों का नीट परीक्षा में चयन हुआ। विद्यालय के वैभव ने 720 में से 646 व अमृतप्रीत ने 608 अंक अर्जित किये। विद्यालय के निदेशक शिव हरि शर्मा, प्रशासिका शीतल गुर्जर सहित अन्य शिक्षकों ने पूर्व छात्रों का स्वागत किया।

निकाय चुनावों को लेकर जिला कलेक्टर ने दिए निर्देश

छोटीसादड़ी (प्रातःकाल संवाददाता)। प्रतापगढ जिला मुख्यालय पर मिनी सचिवालय में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर अनुपमा जोरवाल ने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और जन सुनवाई में प्राप्त आवेदनो के निस्तारण को गंभीरता से लेने को लेकर अधिकारियों की क्लास ली। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को कहा कि पोर्टल पर दर्ज शिकायतें परिवादियों की वेदना है, इसलिए हर व्यक्ति की सुनवाई और समाधान तय समय में होना चाहिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल लाल स्वर्णकार ने विभागों में पैंडिंग केसेज के बारे में विभागों का लेखा-जोखा देखा। साथ ही कोरोना के खिलाफ शुरू किए गए जनआंदोलन में नगरपरिषद द्वारा चलाए जा रहे अभियान के बारे में नगरपरिषद द्वारा मॉस्क डिस्ट्रिब्यूशन, नो मॉस्क नो एंट्री अभियान, कचरा संग्रहण पात्र आदि के द्वारा आईईसी गतिविधियों की जानकारी ली गई। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी से कोरोना और मौसमी बीमारियों को लेकर जिले की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। बैठक में जिले में पेयजल, सड़क, जल संसाधन, कृषि विभाग, इंदिरा रसोई, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला बाल विकास एवं महिला अधिकारिता विभाग, बिजली, मत्स्य, टीएडी, आदि विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं के बारे में अधिकारियों से फीडबैक लिया। बैठक में सभी जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

नगर निकाय चुनाव को लेकर समीक्षा : साप्ताहिक बैठक में जिला कलेक्टर ने आगामी समय में नियोजित नगर निकाय चुनावों को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा नगर परिषद क्षेत्र प्रतापगढ़ एवं पालिका छोटीसादड़ी में चुनावों के लिए आरओ और एआरओ की नियुक्ती 26 अक्टूबर तक की हर हाल में की जानी है। निर्वाचन शाखा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा निकाय चुनाव में बूथों का चयन, स्थापना और सुरक्षा के सभी मापदण्डों को लेकर अधिकारी तैयारी शुरू कर दे प्रत्येक 10 वार्ड में एक आरओ की नियुक्ती की जानी है। निर्वाचन गाइड लाइन के अनुसार कार्य शीघ्रता से शुरू कर दें।

कनेक्शन हुआ नहीं और बीपीएल परिवारों को थमा दिये 20-20 हजार के बिल

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। जिले भर में विद्युत निगम की कार्यप्रणाली हर रोज चर्चा में रहती है,लेकिन इनके क्रियाकलापों पर लगाम लगाने में न तो राज्य सरकार और ना ही राज्य सरकार के नुमाईंदे सफल हो सके। और उसका खामियाजा आम आदमी लॉक डाउन के बाद मनमर्जी से निगम द्वारा थमाये जा रहे बिजली बिलों के भुगतान को लेकर परेशान है और इस संबंध में की जा रही किसी भी परिवेदना को सुनने के लिए कोई तैयार नहीं है। बिल आया है तो पहले भरें इसके बाद देखेंगे। कनिष्ठ अभियंता से लगाकर अधीक्षण अभियंता तक यही जवाब जनता को देते है। अब तो आलम यह है कि घर में बिजली कनेक्शन नहीं होने के बावजूद कई बीपीएल परिवारों को 20-20 हजार के बिल थमा दिये है, यही नहीं एक उपभोक्ता को तो 1 लाख से अधिक का बिल थमा दिया था। जब कि जांच में उसका बिल महज 12 हजार रूपया निकला। एक ओर जहां कोरोना महामारी के चलते आम आदमी का काम धन्धा बिलकुल चौपट हो गया है और कहियो के रोजगार छिन गये है तो कई प्रतिष्ठान भी बंद हो गये है। सरकार ने केवल घोषणा कर दी थी कि बिजली बिलो के दरो में छूट दी जायेगी जब कि विद्युत कम्पनियो ने इसके विपरित स्थायी शुल्क से लगाकर प्रति युनिट की दरे इस कदर बढ़ा दी कि एक लट्टू जलने वाले उपभोक्ताओं के 400 से 500 रूपया बिल आता था आज उसका बिल हजार से 1500 रूपया हो गया है।

डूंगरपुर एवीएनएल के कांकरा दरा निवासी एक उपभोक्ता जिसके घर बिजली का कनेक्शन ही नहीं है, उसे 20 हजार रूपये का बिल थमा दिया है। जिसमे यह बात सामने आ रही है कि बिल रिडिंग में आंकडो का खेल चल रहा है इसी के चलते शहर के एक उपभोक्ता का 1 लाख 8 हजार बिल आया था। जब उक्त उपभोक्ता ने आपत्ति दर्ज करवाई तो विभागीय अधिकारियों ने अपनी गलती मानी और उसका बिल 12 हजार 600 रूपया किया। कई बार तो बिलो में सुधार के बाद अगले बिल में पुन: उस राशि को जोड दिया जाता है इस तरह आम आदमी विभाग के चक्कर लगाकर थक जाता है। इन दिनों रख-रखाव के नाम पर घंटो बिजली बंद रहने के बावजूद दिन में आधा दर्जन बिजली गुल होना आम बात है। निगम के वरिष्ठ अधिकारी जन समस्याओं के प्रति पूरी तरह लापरवाह है जिसके चलते उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। नागरिको ने क्षेत्रीय विधायक तथा नव पद स्थापित जिला कलक्टर से निगम की बिगडती कार्यप्रणाली पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

जबर्दस्ती बाइक पर ले जाने का मामला दर्ज

सागवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी आडीवाट निवासी माँ-बेटी बोहरवाडी मजदूरी कर पैदल-पैदल घर जा रही थी की मोटर साइकिल सवार एक युवक बेटी को जबरदस्ती बाईक पर बैठाकर ले गया मां ने एक युवक व उसके परिवार के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कराया। थाना प्रभारी अजयसिंह राव ने बताया की आदर्श कॉलोनी आडीवाट निवासी एक महिला ने रिपोर्ट देते हुए बताया की 18 अक्टूबर को दोपहर करीब 2 बजे मां- 17 वर्षीय बेटी बोहरावाड़ी से काम कर पैदल-पैदल घर जा रही थी की गमलेश्वर महादेव मंदिर के पास एकलव्य कॉलोनी निवासी पंकज पुत्र बापु खांट सागवाडा की तरफ से सफेद मोटर साईकल लेकर आया तथा 17 वर्षीय बेटी को जबरदस्ती खीच कर खोटा काम करने की नियत से मोटर साईकल पर बैठाकर ले गया।

पूर्व सांसद डूडी ने किए लोकार्पण एवं शिलान्यास

भूपालसागर (प्रातःकाल संवाददाता)। उपखण्ड क्षेत्र के अनोपपुरा ग्राम पंचायत मे राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सांसद रामेश्वर डूडी ने विधानसभा क्षेत्र के अनोपपुरा पंचायत मुख्यालय पर विकास कार्यो के विभिन्न लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जन समुदाय के अभाव अभियोग सुने।

डूडी ने रविवार शाम अनोपपुरा ग्राम पंचायत में अनोपपुरा से सेजकरिया डामरीकरण मार्ग का शिलान्यास, खेल मैदान निर्माण अनोपपुरा का शिलान्यास, नाला निर्माण ढाणी एवं डूडी सराय निर्माण का लोकार्पण किया। इस दौरान आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के वरिष्ठ किसान नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी ने किसानों की मांग पर कहा कि राजसमंद जिले में स्थित बागेरी नाका से पानी फीडर या पाइप लाइन के माध्यम से कपासन विधानसभा क्षेत्र में लाने हेतु उच्च स्तरीय प्रयास किए जाएंगे। युवा सरपंच कमलेश चौधरी को सरपंच चुनने पर डूडी ने कहा कि ग्राम पंचायत में कमलेश की मदद करते हुए मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपके विकास के कोई भी काम अटकेंगे नहीं।

समारोह की अध्यक्षता राशमी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (ए) के अध्यक्ष नकुल सिंह भाटी ने की। समारोह का संचालन कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश व्यास ने किया। समारोह में किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अनोपपुरा सरपंच कमलेश जाट ने सभी अतिथियों का मेवाड़ी परंपरा अनुसार माला पहनाकर साफा बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्षा विजयलक्ष्मी चौधरी, जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान सुभाष सिंह राणावत, कपासन पंचायत समिति के प्रधान भेरूलाल चौधरी, बीकानेर डेयरी चेयरमैन अनोपाराम, अजमेर जिला अध्यक्ष जीवन भाकर, प्रदेश महामंत्री कैलाश जाट, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पूर्व अध्यक्ष जगदीश गोरा, विधानसभा युवक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश जाट मेवदा, नगर कांग्रेस कमेटी कपासन के अध्यक्ष एवं एडवोकेट हिमांशु बारेगामा, राशमी ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गोवर्धन सिंह गिलूण्डिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा में दावेदारों की लम्बी फेहरिस्त चिंता का विषय

खोती जनाधार कांग्रेस का कौन होगा रखवाला

सुधीर जैन | डूंगरपुर

जिले में आजादी के बाद से चरखा व खादी के बलबूते पर कांग्रेस ने न केवल इस जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में विकास की नई दरकार की नई इबारत लिखी थी, अपितु यहां के पिछडेपन के दाग को धोने के लिए आजादी से पूर्व ही जो शिक्षा के लिए बिगुल बजाया था। उसके चलते कांग्रेस ने न केवल अपना जनाधार मजबूत किया था, अपितु 36 कौमों के विकास को लेकर तत्कालीन गांधीवादी विचार के कांग्रेसजनों ने इस क्षेत्र की प्रगति के लिए शिक्षा, चिकित्सा, संसाधन, सिंचाई तथा सड़क निर्माण को लेकर अपना दृष्टिकोण विकास के प्रति जताया था, उसके चलते बागड अंचल का यह डूंगरपुर जिला प्रगति की राह पर कांग्रेस के बैनर तले अग्रसर हो रहा था और इसके चलते ही जिले की पंचायती राज से लगाकर लोकसभा तक के सभी चुनावों में कांग्रेस सर्वमान्य के रूप में चुनकर आती थी और क्षेत्रीय विकास को किसी न किसी रूप में आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा था, लेकिन जब से पिछले कुछ वर्षो से कांग्रेस में पार्टी की मजबूती को बजाय अपने वर्चस्व और औहदे को बढ़ाने की जो लड़ाई वर्ष 2000 के बाद से शुरू हुई और दूसरी ओर भाजपा मजबूती के साथ संघ के सहारे हिन्दुत्व के नारे के बदौलत आगे बढ़ती रही और जिन क्षेत्रों में भाजपा के लिए कार्यकर्ता बनाना भी मुश्किल लग रहा था। आज वहीं भाजपा इस कदर मजबूती को हासिल कर चुकी हैं कि जिले में उसके कार्यकर्ताओं की गांव ढाणी तक पहुंच हो चुकी हैं और इसका सीधा कारण कांग्रेस में प्रदेश स्तर की जो गुटबाजी हैं। उसमें स्थानीय स्तर के नेता भी विभाजित हो गये और इसका खामियाजा कांग्रेस को जनता की समस्याओं और विकास पर पडने लगा।

आलम तो यह हैं कि कांग्रेस का कार्यकर्ता अब खेमे में बंटी कांग्रेस के किस कद्दावर नेता पास जाकर अपना हाल सुनाएं, यह भी मुश्किल होता जा रहा हैं क्यों कि हर कोई अपने वर्चस्व को दिखाने के लिए दूसरे नेता के काम में दखल अंदाजी करता हैं और इसका खामियाजा आम कार्यकर्ता को भुगतना पडता हैं तो वहीं दूसरी ओर, भाजपा लगातार इस जिले में अपनी जनाधार को बढ़ा रही हैं, जहां डूंगरपुर नगर पालिका में 30 वर्षो से एक छत्र शासन कर रही हैं तो वहीं सागवाडा में भी भाजपा का बोर्ड बनता जा रहा हैं। पिछले पंचायती राज के चुनावों में जिला प्रमुख भाजपा का बना तो वहीं चार पंचायत समितियों में भाजपा के प्रधान काबिज हो गये और इसका प्रमुख कारण कांग्रेस की आपसी गुटबाजी रही।

इसी गुटबाजी के चलते हाल ही में हुए कांकरी डूंगरी प्रकरण में एक तीसरे मोर्चे ने जिस तरह विध्वंस की इबारत लिखी उससे न केवल समाजों में खाई डालने का कार्य किया अपितु करोडों की सम्पत्ति को नष्ट होने से भी नहीं बचा सके और उसका खामियाजा व्यापारी वर्ग को भुगतना पडा इसके अलावा क्षेत्रीय तानेबाने को भी आघात पहुंचा। इधर, पंचायती राज व निकायों के चुनावों को लेकर लॉटरी प्रक्रियां सम्पूर्ण हो चुकी हैं और दावेदारो को लेकर मंथन का दौर भी शुरू हो गया हैं।

कांग्रेस ने तो डूंगरपुर निकाय के चुनावों में 30 वर्षो से हथियार डाले हुए हैं। जिसके चलते आमजन का भी जो कि कांग्रेस के प्रति आजादी के बाद से समर्पण का भाव रखते थे। जनाधार खिसकने लगा हैं और कांग्रेस जन निकाय चुनावों को लेकर कभी गंभीर नजर भी नहीं आया हैं और न ही शहरी समस्याओं को लेकर कभी अपना कोई नजरिया रखा हो।

तो वहीं दूसरी और पंचायती राज में भी जहां सभी पद आरक्षित हैं। गुटबाजी के चलते दावेदारों की भी लम्बी कतारें हैं। कांग्रेस की गुटबाजी चरम पर हैं। उससे भी आम जनता का कांग्रेस के प्रति मोह भंग हो गया हैं। इधर, भाजपा स्थानीय नेतृत्व के अधार पर तो नहीं, लेकिन केन्द्रीय प्रतिनिधित्व तथा प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जो विगत छ:वर्षो में हिन्दुत्व को लेकर जो नजरिया अपना रखा हैं, उसके चलते भाजपा लगातार मजबूती को प्राप्त कर रही हैं। जहां डूंगरपुर में 40 में से 24 वार्ड सामान्य वर्ग के लिए सुरक्षित हैं तो वहीं सागवाडा में 18 वार्ड सुरक्षित हैं। डूंगरपुर नगर परिषद के लिए सभापति का पद जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं तो वहीं सागवाडा में सामान्य वर्ग के लिए हैं। ऐसे में भाजपा को टिकट बंटवारे के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ेगी और बागियों को मनाएं बिना उसके लिए भी यह चुनाव आसान नहीं होंगे।